दिनांक : 03/05/2026 समय :7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार:-

- नीति आयोग को मिले दो नए सदस्य, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का भूमि-पूजन करेंगे, 2 हजार 360 करोड़ की है परियोजना।
- प्रदेश में देर रात कई जिलों के एसपी सहित 62 आईपीएस अधिकारियों के किये गए तबादले।
- आईपीएल में कल रात चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 8 विकेट से हराया। आज शाम गुजरात टाइटन्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला।

नीति आयोग-पीएम बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम और डॉ. जोरम अनिया को नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त होने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका समृद्ध अनुभव और विभिन्न मुद्दों की गहरी समझ नीति निर्माण को और मजबूत करेगी।

इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के पहले चरण का भूमि-पूजन करेंगे। यह कॉरिडोर इंदौर एयरपोर्ट के पास सुपर कॉरिडोर को पीथमपुर निवेश क्षेत्र से जोड़ेगा और इसकी लंबाई करीब 20 किलोमीटर होगी। 2 हजार 360 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस परियोजना में 75 मीटर चैड़ी मुख्य सड़क और 1 हजार 316 हेक्टेयर में नियोजित विकास शामिल है। इससे क्षेत्र में उद्योग, लॉजिस्टिक्स और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

आईपीएस तबादले

प्रदेश सरकार ने कल देर रात 62 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है, जिसमें एडीजी से लेकर डीसीपी स्तर तक के अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। भिंड, शिवपुरी, रीवा, सागर, धार समेत करीब 20 जिलों के एसपी बदले गए हैं।

हाई कोर्ट शिक्षक फैसला

जबलपुर हाईकोर्ट ने प्रदेश के शिक्षकों के हक में फैसला सुनाया है। अब शिक्षकों को पहले की तरह पूरा 100 प्रतिशत वेतन मिलेगा, जो पहले घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया था। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने तत्कालीन डीपीआई कमिश्नर शिल्पा गुप्ता के सारे पुराने आदेश रद्द कर दिए हैं। शिल्पा गुप्ता ने कोर्ट के आदेश को न मानते हुए शिक्षकों को नई नियुक्ति बताकर कम वेतन दिया था।

## प्रसार भारती अध्यक्ष- प्रसून जोशी

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रख्यात गीतकार, लेखक और संचार विशेषज्ञ प्रसून जोशी को भारत के लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती का अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री जोशी का साहित्य, विज्ञापन, सिनेमा और जन संचार के क्षेत्र में व्यापक योगदान रहा है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि उनके नेतृत्व में प्रसार भारती नई ऊर्जा, उद्देश्य और रचनात्मकता के साथ कार्य करेगा। श्री प्रसून जोशी केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## आदिवासी बस्ती, बुलडोजर-भोपाल

भोपाल के पॉलिटेक्निक चैराहे पर कल जिला प्रशासन ने करीब 70 साल पुरानी आदिवासी बस्ती को हटा दिया। प्रशासन ने बुलडोजर और भारी पुलिस बल के साथ परिवारों को विस्थापित किया। कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन भी किया। प्रशासन का कहना है कि यह जमीन वन विभाग की है और विस्थापित परिवारों को पीएम आवास योजना के तहत फ्लैट दिए जाएंगे।

## बरगी हादसा

बरगी डैम क्रूज हादसे में कल दो और बच्चों के शव मिले हैं, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। हादसे के बाद प्रशासन ने जबलपुर में नर्मदा के सभी घाटों पर नाव संचालन पर रोक लगा दी है।

## ग्रीन बिल्डिंग सेमिनार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल में ग्रीन बिल्डिंग तकनीक पर अखिल भारतीय सेमिनार का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कंक्रीट के बढ़ते जंगलों के बीच पर्यावरण अनुकूल निर्माण को बढ़ावा देना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने राजा भोज की प्राचीन निर्माण परंपरा और भोपाल के बड़े तालाब का उदाहरण देते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर बेहतरीन नगर नियोजन किया था। इस मौके पर आईआईटी इंदौर और लोक निर्माण विभाग के बीच निर्माण तकनीक पर एमओयू भी हुआ।

## गौशाला शेड-भूमि पूजन

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने हिनौती गौधाम में दो नए गौशाला शेड और भूसा हाउस का भूमि पूजन किया और निर्माणाधीन तीन गौशालाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस गौधाम को प्राकृतिक खेती के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां गोबर गैस संयंत्र से ऊर्जा और खाद दोनों मिलेंगे।

## विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस

हर साल आज के दिन विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है, जो पत्रकारों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति वैश्विक संकल्प का दिन

है। इस दिवस की नींव 1991 में नामीबिया में पारित विंडहोक घोषणा से पड़ी, जिसमें पहली बार स्वतंत्र और निर्बाध प्रेस की जरूरत को वैश्विक स्तर पर रेखांकित किया गया। इसके बाद 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 मई को आधिकारिक रूप से विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस घोषित किया।

नीट यूजी परीक्षा

स्नातक चिकित्सा प्रवेश के लिए नीट यूजी परीक्षा आज दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र में अंतिम प्रवेश डेढ़ बजे तक ही मिलेगा। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड के साथ आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या राशन कार्ड जैसा कोई एक मूल फोटो पहचान पत्र साथ लाना जरूरी है।

गेहूं खरीदी

प्रदेश में अब तक 6 लाख 91 हजार किसानों से 34 लाख 73 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है. इसके लिए किसानों को 5 हजार 462 करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान किया जा चुका है। किसानों की सुविधा को देखते हुए गेहूं उपार्जन की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई तक कर दी गई है। सरकार 2 हजार 585 रुपये समर्थन मूल्य के साथ 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस मिलाकर कुल 2 हजार 625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीद रही है।

रोजगार सृजन-एमपी नंबर-1

इन्वेस्ट इंडिया के ताजा आंकड़ों में प्रदेश ने रोजगार सृजन के मामले में आंध्र प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और महाराष्ट्र को पछाड़कर देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने साल 2025 को प्रदेश में रोजगार और उद्योग वर्ष घोषित किया था और देश-विदेश में इन्वेस्टर मीट व रोड-शो के जरिए निवेशकों को आकर्षित किया गया। वित्त वर्ष 2025-26 में इन्वेस्ट इंडिया ने 6.1 अरब डॉलर से ज्यादा की 60 निवेश परियोजनाओं को जमीन पर उतारने में मदद की, जिनसे 31 हजार से अधिक रोजगार मिलने का अनुमान है।

एमपी बोर्ड-द्वितीय परीक्षा

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल और हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा सात मई से शुरू हो रही है। परीक्षार्थी अपना एडमिट कार्ड एमपी आॅनलाइन के पोर्टल www.mpbse.mponline.gov.in पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

आईपीएल

आईपीएल में कल रात चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 159 रन बनाए, जिसके जवाब में चेन्नई ने 18 ओवर 1 गेंद में ही 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। आज हैदराबाद

में सनराइजर्स और केकेआर मैच साढ़े तीन बजे से और अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स और पंजाब किंग्स का मुकाबला साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

मौसम

भीषण गर्मी के बीच प्रदेश में आंधी-बारिश का सिलसिला जारी है। कल भोपाल समेत 20 से ज्यादा जिलों में 30 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली और कई जगह ओले व बारिश भी हुई। आज ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, शहडोल, बालाघाट समेत 27 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 6 मई तक प्रदेश में ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- बैतूल जिले के बर्राढाना गांव में कल शाम आंधी-तूफान के दौरान लगी आग ने 10 मकान जलाकर राख कर दिए और दर्जन भर मवेशी गंभीर रूप से झुलस गए।
- खंडवा में 8 मई तक मनाए जा रहे रेडक्रॉस सप्ताह के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।
- मंदसौर में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मजदूर कल्याण समिति ने 50 मरीजों को कल पोषण युक्त फूड बॉस्केट वितरित किए।
- आगरमालवा, झाबुआ गुना में कल लाडली लक्ष्मी उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- सिंगरौली में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 5 मई से शुरू होकर 4 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा।
- रतलाम में राज्य शासन द्वारा नवनियुक्त रतलाम विकास प्राधिकरण के पदाधिकारियों का कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने कल सम्मान किया।
- जबलपुर के बरगी डैम हादसे में अपनी जान गंवाने वाले लोगों को कल एडवोकेट्स सोशल एंड वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ताओं और आम नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

-------------